# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## जनवरी 2018




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

# पंडित दीनदयाल श्रम अन्न सहायता योजना प्रारम्भ

**भिलाईनगर/** देश के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुखिया ने समाज के अंतिम व्यक्ति को भर पेट भोजन मिलें इस सोच के साथ पंडित दीनदयाल श्रम अन्न सहायता योजना प्रारम्भ किया है जिसका शुभारम्भ दुर्ग जिले के निगम भिलाई क्षेत्र में किया जा रहा है। उक्त उद्‌गार वैशाली नगर क्षेत्र के विधायक विद्यारतन भसीन ने जीई रोड के किनारे मजार के पास नवनिर्मित भवन में संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए भर पेट भोजन खिलाने की योजना का शुभारम्भ करते हुए व्यक्त किये। उन्होने कहा कि नववर्ष के पहले दिन इस योजना का शुभारम्भ हो रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह एवं छ0ग0 शासन के केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने उन श्रमिकों की भोजन की चिंता किये जो सुबह से काम में घर से निकल जाते हैं इस केन्द्र के चालु हो जाने से श्रमिक यहॉ बैठकर भोजन कर सकतें हैं अथवा टिफिन ले जा सकतें है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाधीश उमेश अग्रवाल ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि छ0ग0 शासन ने संगठित एवं असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले श्रमिक जो सुबह से ही घर से काम में निकल जाते हैं उन्हे पांच रुपये में भर पेट भोजन कराने पंडित दीनदयाल अन्न सहायता योजना प्रारम्भ किया है जिसका शुभारम्भ नववर्ष के पहले दिन किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मॉ अन्नपूर्णा देवी के तैल चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना कर केन्द्र का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में रायपुर के सहायक श्रमायुक्त डी0पी0 तिवारी, दुर्ग के प्रभारी सहायक श्रमायुक्त संजय सिंह, निगम के प्रभारी अधिकारी शरद दुबे, एल0के0 शर्मा, रत्नाकर माटे, शिव, रजवाड़े, किशोर चौकसे, सुप्रिया ध्रुव, स्वच्छता निरीक्षक ए0के0 शर्मा, रामायण सिंह उपस्थित थे।



# एक लाख स्वच्छता एप डाउनलोड कराने का संकल्प लिया पार्षदों ने

**भिलाईनगर/** स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान 2018 में भिलाई को अग्रणी बनाने के लिए महापौर देवेन्द्र यादव, आयुक्त के0एल0 चौहान ने निगम भिलाई क्षेत्र के सभी पार्षदगणों की कार्यशाला आयोजित कर भिलाई को एक लाख स्वच्छता एप डाउनलोड कराने का संकल्प लिया। नगर निगम भिलाई को 12,570 परिवारों का लक्ष्य दिया गया था जिसकी निर्धारित समय में सफलता पूर्वक निगम भिलाई ने13,071 प्राप्त कर लियानागरिकों की राय सबसे महत्वपूर्ण मानी जायेगी अभी ताजा निर्धारित बिन्दुओं पर सर्वेक्षण में भिलाई नगर निगम 19 वें स्थान पर चल रहा है आने वाले समय में अन्य मापदण्डों पर भी सर्वेक्षण होगा जिसके आधार पर सम्पूर्ण रैंक निर्धारित होगा। सभी वार्डो में स्वच्छता पर आधारित विशेष प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। विशेष स्वच्छ वार्ड, होटल, बाजार, शौचालय, स्कुल, कालेज, सार्वजनिक संस्थान, बस स्टैंण्ड, हास्पिटल, साप्ताहिक बाजार,निबंध, वाद-विवाद, पोस्टर, नारा लेखन, वाल पेंटिंग, सफाई मित्र, केप्टन क्लीन, केप्टन भीम, आदि तरह के प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिसके अलग-अलग प्रतियोगिता के प्रभारी निर्णायक मण्डल में जोन अध्यक्ष, जोन आयुक्त, पार्षदगण, एवं गणमान्य नागरिक सम्मिलित होंगे। कार्यशाला में सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, स्वच्छता प्रभारी अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू, सभी महापौर परिषद के सदस्य, पार्षदगण, एल्डरमेन, अधीक्षण अभियंता, निगम के जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी, राजस्व अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, आदि उपस्थित रहें।



## लोक सुराज अभियान 2018 लक्ष्य समाधान का प्रथम चरण 12 जनवरी से

**भिलाईनगर/** लोक सुराज अभियान 2018 लक्ष्य समाधान के प्रथम चरण की शुरुआत दिनांक 12 जनवरी से 14 जनवरी तक नगर निगम क्षेत्र के मुख्य कार्यालय, जोन कार्यालय विभिन्न वार्डों में शुरू होगी। आयुक्त के0एल0 चौहान के मार्गदर्शन में जोन 01 के नोडल अधिकारी संजय बागड़े, जोन 02 आर0के0 पदमवार, जोन 03 बी0के0 देवांगन, जोन 04 संजय शर्मा, जोन 05 डी0के0 वर्मा, जोन 06 टी0के0 रणदिवे के साथ सहायक नोडल अधिकारी भी नियुक्त किये गये है। यह ध्यान रखना होगा कि प्रत्येक कार्य के लिए पृथक-पृथक आवेदन, मोबाईल नम्बर, संबंधित स्थल तक पहुंच मार्ग निर्धारित आवेदन पत्र में भरकर देना होगा यदि कोई गुप्त आवेदन देना चाहता है तो उसके लिए अलग से बाक्स सभी स्थलों पर रखा मिलेगा उसमें डाल सकतें है। निगम भिलाई यह भी सुनिश्चित करेगा कि प्राप्त आवेदनों की स्कुटनी उसी तिथि को करके संबंधित विभाग को भेजा जावे। मुख्य कार्यालय के साथ-साथ कुल 33 वार्डों में शिविर आयोजित होगा। प्रत्येक शिविर में दो वार्ड सम्मिलित किया गया है। बड़े वार्डों के लिए निर्धारित तिथि को शिविर आयोजित की जायेगी। जिनका निराकरण स्थानीय स्तर पर किया जाना है उसका समाधान त्वरित होगा, निर्माण संबंधी कार्य शासन के स्वीकृति के पश्चात् पूर्ण किये जायेंगे। महापौर देवेन्द्र यादव, सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, आयुक्त के0एल0 चौहान ने भिलाई नगर निगम क्षेत्र के निवासियों से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने स्थानीय समस्याओं का निराकरण निर्धारित तिथि में करवायें।





# महापौर देवेन्द्र यादव ने "भिलाई के गोठ" कार्यक्रम के तहत् तीसरे पड़ाव में शनिवार को रिसाली जोन 06 अंतर्गत वार्ड 58 व 59 में चौपाल लगाई

**भिलाईनगर/** निगम महापौर देवेन्द्र यादव ने भिलाई के गोठ कार्यक्रम के तहत् आज रिसाली जोन के अंतर्गत वार्ड 58 एवं 59 रिसाली सेक्टर के उत्तर एवं दक्षिण में बी.एस.पी. एवं निगम के अधिकारियों, के संयुक्त टीम के साथ वार्ड का भ्रमण किया गया। वार्ड भ्रमण करने के पश्चात् वार्ड के नागरिकों के साथ एकता मंच पहुंचकर चैपाल लगाई गईवार्ड के अन्य समस्याओं के रुप में अवैध कब्जा, पानी की समस्या, प्रकाश व्यवस्था, नाली, सड़क के किनारे फैले कचरे की सफाई एवं पेयजल, आधार कार्ड, मजदुर कार्ड इन सभी समस्याओं से महापौर को अवगत कराया। हमेशा अप्रिय घटना होने की संभावना बनी रहती है इस समस्या पर विशेष रुप से महापौर जी को अवगत कराया गया, उक्त समस्या को गंभीरता से लेते हुए महापौर श्री यादव ने पुलिस अधीक्षक से स्वयं बात करने की बात कही एवं इस संबंध में पुलिस विभाग को पत्र प्रेषित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये गये। सड़क नम्बर-180 के नाली को मुख्य नाली में जोड़ने हेतु प्राक्कलन तैयार करें जिससे उक्त वार्ड की प्रमुख समस्या का निदान कराया जा सके। वार्ड भ्रमण के दौरान महापौर देवेन्द्र यादव, पार्षद चुम्मन देशमुख, पार्षद चन्द्रभान सिंह ठाकुर, पार्षद भूपेश ठाकुर, जोन आयुक्त टी0के0 रणदिवे, रानी बिन्द्रा, बसंती पाण्डेय, शशि सिन्हा, आशीष बिन्द्रा, जे.के. पाण्डेय, . कन्नौजे, बीएसपी के अधिकारी, महापौर परिषद के सदस्य, वार्ड पार्षद, उपअभियंता, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक, वार्ड के गणमान्य नागरिक सहित बीएसपी एवं



# निगम आयुक्त श्री चौहान बुधवार की सुबह स्वच्छता रैंकिंग 2018 हेतु निगम भिलाई क्षेत्र में स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी का जायजा लिया

**भिलाईनगर/** रुआंबांधा क्षेत्र में स्थित एन.एस.पी.सी.एल. कालोनी के सामने बीज विकास निगम जाने वाले मार्ग में बरसात के दिनों में होने जलभराव से निपटने के लिए आयुक्त के0एल0 चौहान ने नाला निर्माण एवं पुलिया निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश जोन आयुक्त टी0के0 रणदिवे को दिये। निगम आयुक्त श्री चौहान बुधवार की सुबह स्वच्छता रैंकिंग 2018 हेतु निगम भिलाई क्षेत्र में स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी का जायजा लेने रुआंबांधा बस्ती क्षेत्र पहुंचे तो वार्ड के नागरिकों ने बताया कि डी.पी.एस. से बीज निगम जाने वाले रास्ते में बरसात के दिनों में पानी जमा हो जाता है जिसके लिए बार-बार आवेदन देने के बाद भी नाला निर्माण का कार्य काफी समय से लंबित है। आयुक्त ने एन.एस.पी.सी.एल.के डी.जी.एम. बी.बी. पात्रो को मौके पर बुलवाकर जलभराव क्षेत्र का अवलोकन करने के पश्चात् नाला एवं पुलिया निर्माण में आवश्यक सहयोग करने हेतु आश्वस्त किये। इसके पूर्व आयुक्त रुआंबांधा में चल रहे सेग्रीगेशन सेंटर का अवलोकन किये और आवश्यक निर्देश दिये।

भ्रमण के दौरान आयुक्त के0एल0 चौहान, जोन आयुक्त टी0के0 रणदिवे, एन.एस.पी.सी.एल.के डी.जी.एम. बी.बी. पात्रो, अब्दुल बसीन, सरफराज, अनुराग नेना, स्वास्थ्य अधिकारी आर.के. साहू, उद्यान प्रभारी पी.सी. सार्वा, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक जगन्नाथ कुशवाहा आदि उपस्थित थे।



# नगर निगम, भिलाई के कचरे से बनें जैविक खाद का मांग

**भिलाईनगर/** नगर पालिक निगम, भिलाई द्वारा शहर से उत्पन्न होने वाले कचरे को दो भागों गीले एवं सुखे कचरे में बांटकर गीले कचरे से खाद सेग्रीगेशन प्लांट में बनाया जा रहा है जो पुरी तरह से जैविक प्रक्रिया द्वारा निर्मित केचुए द्वारा उत्सर्जित खाद है इसकी गुणवत्ता तब पता चला जब मौर्या एवं कुलदीप बाड़ी खेरदा के किसानों द्वारा 25 क्विंटल खाद का आर्डर देने पहुंचें। पूर्व में 5 क्विंटल ले गया था जिसके उपयोग करने के बाद वह बताया कि यह उपजाऊ एवं सस्ता है तीन रुपये प्रति किलो पड़ता है इससे फसल बढ़िया हो रहा है खेत में नमी बनी रहती है कम सिंचाई में ज्यादा उत्पादन मिलता है । आयुक्त के0एल0 चौहान नेहरु नगर खुर्सीपार आईटीआई के पास सेग्रीगेशन प्लांट द्वारा बनाई जा रही खाद का निरीक्षण करने पहुंचे तब पता चला कि फार्म हाउस का व्यापारी आर्डर देने आया था। आयुक्त चौहान ने बताया कि जो कचरा शहर के लिए समस्या बनता जा रहा है उसे ठीक ढंग से घरों से, सब्जी बाजारों से, होटलों से, अलग-अलग करके सेग्रीगेशन प्लांट तक पहुंच जाये तो गीले कचरे से खाद बन जायेगा, साथ ही निगम द्वारा सुखे कचरे प्लास्टिक, बोतल, रबर, कांच, गत्ता, लोहा, आदि को रिसायकल करके उपयोगी बनाया जा रहा है। आम नागरिकों के उपयोग के लिए नगर निगम के नर्सरी कुसुम कानन उद्यान नेहरु नगर में एक किलो से पांच किलो तक के पैकेट में तीन रुपये प्रति किलो के दर पर उपलब्ध रहेगा। कार्यालयीन अवधि में वहां से उपयोग के लिए खरीदा जा सकता है। निगम भिलाई इन खादों का उपयोग अपने उद्यानों में कर रहा है।



# कोहका माईनर केनाल रोड का आज भूमिपूजन होते ही निर्माण कार्य शुरु

**भिलाईनगर/** भिलाई नगर के निवासियों की बहुत दिनों से मांग थी कि जीई रोड के उपर बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने के लिए एक समानांतर पहुंच रोड हो उसी को पुरा करने के लिए कोहका माईनर मेन केनाल से नंदनी रोड तक सड़क निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण कार्य फेस-01 का भूमिपूजन छ0ग0 शासन के केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, महापौर देवेन्द्र यादव, सभापति पी. श्यामसुन्दर राव, पार्षदगण, एल्डरमेन, सम्मानित नागरिकों एवं आयुक्त के0एल0 चौहान की उपस्थिति में की गई। जिसके निर्माण में लागत राशि 2886.84 लाख रुपये अनुमानित है। भूमिपूजन के दौरान मंत्री पाण्डेय ने कहा कि अमेरिका अगर विकसित राष्ट्र है तो इसके प्रमुख वजह वहाॅ अच्छी सड़कों के साथ बेहतर पहुंच मार्ग का होना। लगभग 140 मकान प्रभावित है जिसमें से 70 लोग राशि जमा कर चुके है बाकि भी समय पर कर देवें प्राथमिकता के आधार पर सभी को मकान मिल जायेगा हमसब पुरा प्रयास करेंगे कि सभी को प्राथमिकता के साथ आवास मिलें। आयुक्त के0एल0 चौहान ने अधीक्षण अभियंता सत्येन्द्र सिंह, एवं जोन आयुक्त संजय शर्मा को निर्देशित किये कि बाकी प्रभावित हितग्राहियों को एक नोटिस दें कि सात दिवस के भीतर पैसा जमा कर दें जिससे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् मकान दिया जा सके। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी लोक कर्म विभाग नीरज पाल, पार्षद जोगेन्दर शर्मा, ललिता शंकर चौधरी, सुलेखा यादव, नंदकुमारी वर्मा, कृष्णावेणी काली प्रसाद, अनिल सिंह, संदीप हिरवानी, शिवप्रकाश शिबू, विधायक प्रतिनिधि संजय दानी, चेम्बर आफ कामर्स के सदस्य गार्गी शंकर मिश्रा, उपअभियंता बसंत साहू, एसआई महेश मिश्रा, शेषगिरी, वेंकटराव आदि उपस्थित रहे।



**राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान वर्ष 2018 का राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम**

**भिलाईनगर/** निगम क्षेत्रान्तर्गत शत्-प्रतिशत् सफलता हेतु महापौर देवेन्द्र यादव, सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, आयुक्त के0एल0 चौहान, प्रभारी सदस्य लक्ष्मीपति राजू, महापौर परिषद के सदस्यगण, समस्त पार्षद, एल्डरमेन द्वारा संयुक्त रुप से भिलाई निगम परिसीमा क्षेत्र के समस्त नागरिकों/पालकों से अपील की गई है कि 28 जनवरी दिन रविवार को अपने नजदीकी टीकाकरण केन्द्र में प्रातः8 से सायं 5 बजे तक 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दो बुंद खुराक देकर पोलियो मुक्त राष्ट्र बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। पल्स पोलियो दल द्वारा 29 व 30 जनवरी 2018 को घर-घर भ्रमण कर ऐसे बच्चे जो किन्ही कारणांे से टीकाकरण केन्द्र में पोलियो की खुराक नहीं ले पाते हैं, उन्हे चिन्हित कर पोलियो की खुराक दी जावेगी। इस अभियान में रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, एवं घुमन्तु परिवार के बच्चों को भी पोलियो की खुराक दी जावेगी। इस अभियान के सफल संपादन हेतु प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डाॅ0 एस के जामगड़े द्वारा बताया गया कि निगम क्षेत्रान्तर्गत इस अभियान में 0 से 5 वर्ष के अनुमानित 71656 लक्षित बच्चों के लिए विगत् वर्षों की भांति 227 स्थायी/अस्थाई टीकाकरण केन्द्र, 4 मोबाईल/ट्रांजिट टीम बनाई गई है। 4 जोनल अधिकारी 33 सुपरवाईजर एवं 908 टीकाकरण दल के सदस्यों द्वारा बुथ के अतिरिक्त निर्माणाधीन स्थल, ईंट भट्ठा, हाईरिस्क एरिया, बाहर से आने वाले बच्चों को रेलवे स्टेशन, बस स्टैंण्ड के आसपास, घेरा डालकर रहने वाले घुमन्तु परिवार के बच्चों को भी पोलियो खुराक देने की व्यवस्था की गई है ताकि निगम क्षेत्र में शत्-प्रतिशत् लक्षित बच्चों को पोलियो की दो बुंद से प्रतिरक्षित किया जा सके। अभियान से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए शहरी परिवार कल्याण केन्द्र सुपेला में सम्पर्क कर सकते हैं।

# गणतंत्र दिवस के 69 वें वर्षगाठ

**भिलाईनगर/** गणतंत्र दिवस के 69 वें वर्षगाठ पर नगर पालिक निगम, भिलाई के मुख्य कार्यालय में महापौर देवेन्द्र यादव ने निगम आयुक्त के0एल0 चौहान की उपस्थिति में भारत माता के तैल्य चित्र का पुजा अर्चना एवं माल्यार्पण कर ध्वजारोहण किया गया। निगम के जोन 01, 02 व 05 कार्यालय में जोन अध्यक्षों, जोन 04 पी0 श्यामसुन्दर राव सभापति एवं जोन 03 जोन आयुक्त बी0के0देवांगन, और जोन 06 में वरिष्ठ पार्षद चुम्मन देशमुख के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गयाइस अवसर पर निगम मुख्य कार्यालय में महापौर देवेन्द्र यादव, आयुक्त के0एल0 चौहान के द्वारा निगम भिलाई में कार्यरत् 12 कर्मचारियों के द्वारा परिवीक्षा अवधि दो वर्ष पूर्ण करने के पश्चात् स्थाई किये गये कर्मचारियों के नाम- श्रीमती मनीषा श्रीवास, सहायक राजस्व निरीक्षक, श्रीमती सीमा सिंह, श्री विजय कुमार फिल्ड वर्कर, श्री राजेश्वर सिंह चंदेल, श्री अल्ताफ मोहम्मद भृत्य, श्री घसिया, श्री विष्णु पटेल, श्री कट्टा नारायण श्रीमती एम. पार्वती, श्री दिलीप कुमार, श्री गैंदलाल, श्री राजाराम निषाद हेल्पर/क्लीनर, द्वितीय समयमान वेतनमान 02 कर्मचारी श्री मंगल प्रसाद कुर्रे राजस्व उप निरीक्षक, श्री दुजेराम वर्मा चैनमेन, अनुकंपा नियुक्ति 02 कर्मचारियों स्व. ईतवारी राम कोसरे के पुत्र श्री अगरदास कोसरे, स्व. श्रीमती दशोदा बाई के पुत्र श्री महावीर निषादराज को भृत्य आदेश की प्रति प्रदान की गई।



# शासकीय कर्मचारियों का विदाई समारोह

**भिलाईनगर/**नगर पालिक निगम, भिलाई में कार्यरत् श्रीमती शकुन्तला ठाकुर एवं नंदकुमार सफाई कामगार के अर्द्धवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति के अवसर पर 31 जनवरी को निगम सभागार में बिदाई समारोह का आयोजन कर बिदाई दी गई। कार्यपालन अभियंता बी0के0 देवांगन, महिला एवं बाल विकास अधिकारी मूर्ति शर्मा, सचिव जीवन वर्मा, प्रभारी अधिकारी शरद दुबे ने सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के सेवाकाल को याद किया और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन संजय शर्मा ने किया। कार्यक्रम में श्रवण ठाकुर, नारद शर्मा, विद्याधर देवांगन, ओंकार यादव, चन्द्रकला देशमुख, शशिकांत तोमर, अखिलेश वर्मा सहित लोक निर्माण एवं स्वास्थ्य विभाग जोन क्रमांक 3 के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।



**Editorial Board**

श्री कुमार लाल चौहान
आयुक्त (आई.ए.एस.)
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री सुभाष ठाकुर
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई